धोखाधड़ी ▶ लाखों का हाईवा बना कबाड़! इंजन-टायर तक गायब, दो ट्रांसपोर्टरों पर एफआईआर

# 80 हजार महीने के किराए का झांसा...



**नवभारत,ब्यौहारी।** 80 हजार रुपये प्रतिमाह किराए का झांसा देकर लाखों रुपये का हाईवा ट्रक अपने कब्जे में लेना, महीनों तक किराया हड़पना और फिर वाहन के इंजन, टायर समेत कीमती पार्ट्स निकालकर उसे कबाड़ में तब्दील कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना ब्यौहारी पुलिस ने दो ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के खिलाफअपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 16 लाख का हाईवा, 80 हजार महीने का हुआ था सौदा

पुलिस के अनुसार ग्राम आखेटपुर निवासी सोनू पटेल ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसने वर्ष 2023 में लगभग 16 लाख रुपये में हाईवा ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 4017 खरीदा था। वाहन की किस्तें वह नियमित रूप से जमा कर रहा था। शिकायत के मुताबिक 24 अप्रैल 2025 को ब्यौहारी निवासी गुलशेर उर्फ गल्लू खान और रिंकू शुक्ला ने ट्रक को क्रेशर प्लांट में चलवाने के नाम पर 80 हजार रुपये प्रतिमाह किराया देने का भरोसा दिलाया। मौखिक सहमति के बाद हाईवा उन्हें सौंप दिया गया और उसे जेडबी स्टोन क्रेशर प्लांट, खड़हरा (जिला सीधी) में मिट्टी परिवहन कार्य में लगाया गया।

### किराया नहीं मिला, हिसाब के नाम पर टालते रहे

फरियादी का आरोप है कि महीनों बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने किराए की एक भी किस्त नहीं दी। हर बार हिसाब नहीं होने का बहाना बनाकर टालमटोल करते रहे। जब वह स्वयं क्रेशर प्लांट पहुंचा तो वहां के संचालक ने बताया कि संबंधित ट्रांसपोर्टर को कार्य का पूरा भुगतान पहले ही किया जा चुका है।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ट्रक वापस मांगने पर पता चला कि हाईवा के इंजन, टायर और अन्य महंगे पार्ट्स निकाल लिए गए, जबकि वाहन को क्षतिग्रस्त अवस्था में क्रेशर परिसर में छोड़ दिया गया। फरियादी का दावा है कि ट्रक के कीमती पार्ट्स बेच दिए गए, जिससे उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ।

### दो आरोपियों पर एफआईआर, पुलिस ने शुरू की जांच

थाना ब्यौहारी पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद प्रथम दृष्टया मामला पाए जाने पर गुलशेर उर्फ गल्लू खान एवं रिंकू शुक्ला के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# साक्ष्य के बाद भी ब्योहारी पुलिस नहीं दर्ज कर रही एफआईआर

▶ सरपंच ने एसडीओपी से लगाई गुहार
जान से मारने की धमकी और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग



**नवभारत,ब्यौहारी।** ग्राम पंचायत रेउसा के निर्वाचित सरपंच पुरुषोत्तम सिंह मरावी ने ब्योहारी पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने एसडीओपी को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि 24 जुलाई 2026 को प्राथमिक शिक्षक अनूपलाल सिंह बघेल ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज की और उन्हें टुकड़े-टुकड़े कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के ऑडियो-वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद थाना ब्योहारी पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है।

आवेदन के अनुसार, ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि पर प्रस्तावित आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य इंजीनियर द्वारा निर्धारित ले-आउट के अनुसार कराया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी शिक्षक मौके पर पहुंचे और कथित रूप से निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास करते हुए ग्रामीणों के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा जान से मारने की धमकी दी। सरपंच का कहना है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने थाना ब्योहारी में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपी के खिलाफकोई एफआईआर दर्ज नहीं की। इससे आहत होकर उन्होंने अब एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।आवेदन में सरपंच ने यह भी कहा है कि सार्वजनिक रूप से हुए कथित अपमान और धमकी से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है तथा उन्हें अपनी सुरक्षा की भी चिंता है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है

मेरे पास मामला आया है मै मार्क करके थाना प्रभारी के पास भेज दिया हूँ। शीघ्र ही जांच कर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है ।

### एक नजर में

#### शव दाह की लकड़ियों के बीच छिपा था सांप

**नवभारत,जबलपुर।** चौहानी मुक्ति धाम में सुबह दस बजे जब शवदाह कर्मचारी राम लाल लकड़ियों के ढेर को व्यवस्थित कर रहा था तभी लकड़ियों के ढेर के बीच में एक सवा फीट लंबा सांप दिखाई दिया। राम लाल ने सांप को भगाने का प्रयास किया तो सांप उछल कर रामलाल के घर के वाशरूम में जाकर छिप गया। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर देवताल तालाब में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप पन्हियल प्रजाति का है जो कि जहरीला नहीं होता है। उमस से राहत पाने के लिए सरीसृप लकड़ी के ढेर में छिपा था।

#### 32 बोर की पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने एक बदमाश को अवैध 32 बोर की पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अधारताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार के मुताबिक, अधारताल तालाब स्थित हनुमान मंदिर के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े श्रेयांश गुप्ता (20), निवासी शंकर नगर, सुहागी अधारताल को घेराबंदी कर दबोचा। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसकी कमर के पीछे एक 32 बोर की पिस्टल और लोवर की जेब से 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर आरोपी श्रेयांश ने बताया कि उसने यह पिस्टल और कारतूस सुहागी निवासी विक्की ठाकुर से खरीदे थे। पुलिस ने हथियार जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब हथियार सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी विक्की ठाकुर की तलाश में जुट गई है।

# पार्थ जायसवाल संभालेंगे जिले की कमान



**नवभारत,शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवाअधिकारियों के तबादले एवं नई पदस्थापना के आदेश जारी किए। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी सूची में कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत 2015 बैच के ढ्ढस अधिकारी पार्थ जायसवाल को शहडोल जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

पार्थ जायसवाल वर्तमान में छतरपुर कलेक्टर के रूप में कार्यरत थे। अब वे शहडोल जिले की प्रशासनिक कमान संभालेंगे। उन्हें प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी संचालन, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जाना जाता है।

राज्य सरकार द्वारा जारी तबादला सूची में अन्य कई ढ्ढस अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस फेरबदल को प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी तथा जनहितकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शहडोल जिले में नए कलेक्टर की नियुक्ति के साथ विकास कार्यों में तेजी, बेहतर प्रशासनिक समन्वय और आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की उम्मीद जताई जा रही है। जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने नए कलेक्टर से सुशासन और पारदर्शी कार्यशैली की अपेक्षा व्यक्त की है।

# भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित पुस्तक का हुआ विमोचन



**नवभारत,शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के नवल परिसर में आयोजित गरिमामय समारोह में डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी की पुस्तक 'डिजिटल युग में भारतीय ज्ञान परम्परा' का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम शंकर के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिवडॉ आशीष तिवारी, डॉ प्रमोद पाण्डेय जी अधिष्ठाता छात्र कल्याण ओएसडी,डॉ विजेंद्र पाण्डेय, पीएमश्री नेहरू कॉलेज बुढ़ार से डॉ आर. सी. त्रिपाठी, डॉ विनय वर्मा,प्राध्यापकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।कुलसचिव के द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा की समृद्ध परम्परा को सजोना आज के परिवेश में कठिन कार्य है इसको मूर्त रूप में करने प्रयास के लिए त्रिपाठी जी को आशीर्वाद दिये।

अपने संबोधन में कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा को डिजिटल माध्यमों के द्वारा नई पीढ़ी मद-ळ तक पहुँचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने पुस्तक को भारतीय संस्कृति, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान बताते हुए लेखक को शुभकामनाएँ दीं।पुस्तक के संपादक डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कृति भारतीय ज्ञान-विज्ञान की गौरवशाली परम्परा को आधुनिक डिजिटल युग से जोड़ने का एक विनम्र प्रयास है।इस पुस्तक के सफल प्रकाशन में डॉ विनय वर्मा, नेहा त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने सम्पादन, भाषा-परिष्कार तथा पांडुलिपि के सुव्यवस्थित प्रस्तुतीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपादक ने अपनी सफलता में प्रिय मित्र अरविन्द पाण्डेय एवं पूजा पाण्डेय के आत्मीय सहयोग, निरंतर प्रोत्साहन एवं स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन को विशेष रूप से स्मरण करते हुए उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे शुभचिंतकों का सहयोग किसी भी साहित्यिक एवं शैक्षणिक यात्रा को नई दिशा प्रदान करता है। समारोह के अंत में सभी अतिथियों ने पुस्तक की विषयवस्तु की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह कृति भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# विशाल सोनकर हत्याकांड : दो गए जेल, सात फरार

**नवभारत,जबलपुर ।** बाई का बगीचा गली नम्बर 2 गोपाल मंदिर के पास घमापुर चौक में चाकुओं से गोदकर हुई विशाल सोनकर की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है । जबकि सात आरोपित अब भी फरार है जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक रोहित सोनकर 34 वर्ष निवासी भवानी चौक सिंधी केम्प हनुमानताल कृषि उपज मंडी में सब्जी बेचने का काम करता है विशाल उसके चाचा बाबा उर्फ नीलकमल सोनकर का बेटा है। शनिवार शाम लगभग 4-30 बजे रोहित, आकाश सोनकर, राजवीर सोनकर, राजा सोनकर, गोलू सोनकर, अंकित सोनकर विशाल सोनकर सभी मरही माता मंदिर भानतलैया में पूजा में शामिल हुये तभी विशाल सोनकर के मोबाइल पर सावन सोनकर का कॉल आया जिसने विशाल को गोपाल मंदिर बाई का बगीचा घमापुर में बुलाया। रोहित एवं आकाश एक स्कूटी में तथा विशाल और अंकित मोटर सायकल से गोपाल मंदिर बाई का बगीचा के पास शाम लगभग 5-15 बजे घमापुर पहुँचे वहां पर रियांश रैकवार, सावन सोनकर, बबलू पदम सोनकर, साहिल सोनकर, सूजल सोनकर, बाबा सोनकर, राजा सोनकर एवं प्रीतम सोनकर, आयुष सोनकर खड़े हुये थे, वह एवं आकाश थोड़ी दूरी पर गाड़ी में बैठे हुये थे विशाल और अंकित सावन सोनकर से बात करने गये तो पुराने विवाद को लेकर सभी लोग विशाल और अंकित के साथ विवाद करने लगे, आयुष सोनकर, साहिल सोनकर, प्रीतम सोनकर ने विशाल को पकड़ा ।सूजल सोनकर व बाबा सोनकर ने अंकित का पकड़ा एवं राजा सोनकर, बबलू पदम सोनकर बोले कि इन्हें छोड़ना नहीं हैं जान से खत्म कर दो तो साावन सोनकर ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर विशाल के सीना एवं पेट में चोटें पहॅुचा दीं एवं रियांश रैकवार बेसवाल के डंडे से मारपीट कर विशाल एवं अंकित के सिर में चोटें पहॅुचाया, रियांश रैकवार डंडे से मारपीट करते समय जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया।

# यात्री सुरक्षा व अपराध नियंत्रण में आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई

**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसरों में अपराध नियंत्रण के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 18 से 24 जुलाई 2026 के दौरान विशेष अभियान चलाकर कई महत्वपूर्ण कार्रवाइयां कीं। ऑपरेशन 'डिग्निटी' के तहत जबलपुर स्टेशन पर परिजनों से बिछड़ी 70 वर्षीय तेलुगु भाषी महिला को सीसीटीवी, सोशल मीडिया और स्थानीय पूछताछ की मदद से सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों को सौंपा गया। वहीं सागर आरक्षण केंद्र पर अवैध टिकट बिक्री के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1,340 मूल्य के चार आरक्षित रेल टिकट बरामद किए गए, जबकि कटनी में ऑपरेशन 'सतर्क' के तहत 24,838 मूल्य की 16.5 लीटर अवैध शराब जब्त कर आरोपी को आबकारी विभाग के हवाले किया गया। इसी दौरान जबलपुर स्टेशन पर मोबाइल चोरी का प्रयास कर रहे एक आरोपी को भी रंगे हाथों पकड़ा गया।

### जारी रहेगा अभियान

रीवा में अवैध ई-टिकट बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 78,594 मूल्य के 87 अवैध ई-टिकट बरामद किए गए, जबकि दमोह स्टेशन पर चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद कर आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अलावा रेल मदद शिकायत के आधार पर की गई कार्रवाई में चोरी हुए 3,52,420 मूल्य के स्वर्ण आभूषण भी बरामद किए गए। जबलपुर मंडल रेल प्रशासन ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा उपलब्ध कराने और रेलवे परिसरों में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आरपीएफ द्वारा ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# कार से ढुल रही शराब पकड़ाई, तस्कर फरार

**नवभारत, जबलपुर ।** पाटन पुलिस ने सुरईया तिराहे के आगे घेराबंदी करते हुए कार से ढुल रही शराब पकड़ी है। कार्रवाई के दौरान तस्कर पुलिस को चकमा देकर भाग निकले ।

पुलिस के मुताबिक बिना नम्बर प्लेट की ग्रे रंग की टोयटा कोरोला एल्टिस कार शहपुरा तरफ से अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब लोड कर ले जायी जा रही थी। सुरईया तिराहे के आगे घेराबंदी की गयी, शहपुरा की ओर से आ रही कार का चालक एवं कार में बैठा तस्कर पुलिस को देख कर कार को कुछ दूर रोकर कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। तलाशी लेने पर कार की डिक्की में 4 खाखी रंग के कार्टून मे 200 पाव देशी शराब रखी मिली जिसे कार क्रमांक एमपी 33 जेड जी 3345 सहित जप्त करते हुये अज्ञात के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवभारत,जयसिंहनगर।** हर साल 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बाघों के संरक्षण, उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और उनके सामने आने वाले खतरों के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। बाघों के संरक्षण एवं पर्यावरण में बाघ की भूमिका की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से वन विभाग की टीम द्वारा विकास खण्ड जयसिंहनगर के शासकीय हाई स्कूल देवरा में 28 जुलाई 2026 को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान




वनपाल आशीष वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण में बाघ की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाघ जंगल की सुरक्षा में कितने उपयोगी हैं। बाघों की सुरक्षा को लेकर वनपाल आशीष वर्मा ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि वह हमारे हितैषी हैं, अत: उनकी सुरक्षा हमारा दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित जानकारियां भी दी गयी। इस दौरान मुख्य रूप से वनपाल आशीष वर्मा, बीटगार्ड राजेन्द्र पुरी, बीट रक्षक मीरा रौतेल एवं अंजू सिंह, विजय शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य धनेंद्र सिंह परिहार, राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी सहित विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफएवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम ▶ पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में माय भारत के 'नशामुक्त युवा' कार्यक्रम का आयोजन

# विद्यार्थी सकारात्मक सोच व स्वस्थ जीवन शैली अपनायें : प्रो. रामशंकर



**नवभारत,शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में माय भारत, शहडोल के तत्वावधान में नशामुक्त युवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम शंकर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आर. आर. सिंह, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, माय भारत ने की। सारस्वत अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गीता सराफ परिसर प्रभारी तथा डॉ. आदर्श तिवारी, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के संयोजक एवं युवा समन्वयक शहडोल समर्थ सोहल रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संयोजक समर्थ सोहल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब युवा स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करें। उन्होंने माय भारत द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियानों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से नशे के विरुद्ध जनआंदोलन का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

अपने मुख्य उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, शोध, खेल और नैतिक मूल्यों को अपनाते हैं, तो देश का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मानुशासन, सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि अपने विराट व्यकित्व को युवा समझे मस्तिष्क में अनायास अवकाश की वजह से नशा की तरफयुवा बढ़ रहा है ।उसे अपने जीवन को रचनात्मक प्रवृत्तियों को पहचाने और विकसित भारत के लिए अपना योगदान तय करे । उन्होंने यह भी कहा कि आयोजक माय भारत के छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने की प्रेरणा दी और कहा यहां उपस्थित सभी संकल्प ले कि न नशा करेंगे और अपने लोगों को इस दलदल से निकाल कर नव भारत विकसित भारत बनाएगे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आर. आर. सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का सपना युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही साकार होगा।कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर ज्ञान, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। डॉ. गीता सराफ ने कहा कि युवाओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए सकारात्मक वातावरण, परिवार का सहयोग तथा नियमित खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज के लिए प्रेरणा बनने का संदेश दिया। डॉ. आदर्श तिवारी ने कहा कि खेल, योग एवं नियमित व्यायाम नशे से दूर रखने के प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी, अनुशासन तथा फिटनेस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु फिल्म निर्माण, स्लोगन लेखन, रचनात्मक लेखन तथा स्लैम पोएट्री सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप कुमार तिवारी, हिंदी विभाग द्वारा किया गया। अंत में मनीष चौहान ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# अतिक्रमण के खिलाफ ननि मोबाइल कोर्ट की सख्त कार्रवाई

**नवभारत, जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, पैदल यात्रियों के अधिकारों की रक्षा करने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को नगर निगम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। नगर निगम मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोयल की अगुवाई में शाम 4 बजे मोबाइल कोर्ट का संचालन किया गया, जिसने छोटी लाइन फाटक से लेकर रामपुर चौक और साउथ एवेन्यू मॉल तक विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान यातायात में बाधक बन रहे अवैध अतिक्रमणों, ठेले-टपरियों को हटाया गया और जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही फुटपाथ पर कब्जा करने वालों और स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मौके पर ही स्पॉट चालान बनाकर सख्ती दिखाई गई।

जानकारी के अनुसार छोटी लाइन फाटक से रामपुर चौक और साउथ एवेन्यू मॉल का मार्ग शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक है। यहाँ अवैध कब्जे और सड़क पर ठेले खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रहती थी। निगम की इस त्वरित और समन्वित कार्रवाई से न केवल वाहन चालकों को सुगम रास्ता मिलेगा, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ भी सुरक्षित और साफ-सुथरे हो गए हैं। नगर निगम मजिस्ट्रेट के साथ नगर निगम का अतिक्रमण निरोधक अमला, ट्रैफिक पुलिस, थाना गोरखपुर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम एक साथ मैदान में उतरी, जिससे नागरिकों को अव्यवस्था से तुरंत राहत मिली। कार्यवाही के समय यातायात डी.एस.पी. बैजनाथ प्रजापति, यातायात थाना प्रभारी इंद्रा, सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, दीपेंद्र रावत, दल प्रभारी अंकित पारस, अभिषेक समुद्रे, दुर्गा राव, लक्ष्मण कोरी, कुलदीप त्रिपाठी, नदीम अहमद खान, आरिफ खान स्वास्थ्य से आनन्द राव एवं बाल कृष्ण आदि उपस्थित रहे।